## खबर संक्षेप

### बालिका के साथ दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

**कटनी।** कुठला पुलिस ने लापता बालिका को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस के अनुसार दस्तयाबी उपरांत अपहृत बालिका से पूछताछ की गई जिसके द्वारा बताया गया कि संतोष वंशकार द्वारा शारीरिक सम्बंध बनाने के फलस्वरूप गर्भवती हो जाने पर उज्जैन ले जाकर शादी करना तथा वहाँ से राजकोट ले जाकर पति पत्नी के तरह रहना बताई । अभियोक्त्री का शासकीय जिला चिकित्सालय कटनी से मेडिकल परीक्षण कराया गया है एवं अभियोक्त्री के कथन के आधार पर प्रकरण में धारा 87,64(2)m, 64(2)i BNS, 3,4,5l, 5j, 6 POCSO Act का इजाफा किया गया है। अभियोक्त्री का धारा 183 BNSS के कथन न्यायालय में कराए गए। आरोपी संतोष वंशकार उर्फ कल्लू निवासी लमतरा द्वारा गलत काम करना बताई जिसके बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश की और आरोपी संतोष वंशकार 20 वर्ष निवासी लमतरा फाटक को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया( न्यायालय आदेश से जिला जेल कटनी भेज दिया गया है। अपहृता को उसके परिजनो के सुपुर्द किया गया। कार्यवाही में निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में उप निरीक्षक मेघा मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक रवि शुक्ला, आरक्षक दुर्गेश सिंह, महिला आरक्षक पूजा द्विवेदी एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

### हाईवे पर बदमाशों ने रूपए एवं गहने लूटे

**कटनी।** हाईवे पर सक्रिय बदमाशों ने एक बार फिर लूट की वारदात को अंजाम दिया। प्रयागराज में अस्थि विसर्जन कर लौट रहा जबलपुर के कंटगी का परिवार को चाकू की नोंक पर लूटा। बदमाशों ने पहले पुरुषों से नकद रुपए लूट लिए फिर कार में मौजूद महिलाओं के गले से मंगलसूत्र भी छीन लिए। सूचना पाकर पहुंची कोतवाली पुलिस ने प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। हालांकि अबतक वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों का सुराग नहीं मिला है। जबलपुर जिले के कंटगी के समीप स्थित घनौली ग्राम निवासी रामरतन गर्ग ने बताया कि उनकी माता का निधन हो गया है। अस्थि विसर्जन के लिए वे परिवार सहित चारपहिया वाहन से प्रयागराज गए थे। शुक्रवार रात करीब 12 बजे जब वे लौट रहे थे तो चाका से पीरबाबा के बीच द्वारा ग्राम के समीप निस्तार के लिए चारपहिया वाहन को रोककर जब वाहन से वे उतरे तो इसी दौरान तीन बदमाश आ गए और चाकू अड़ा दिया। कहने लगे कि जितने रुपए है सब दे दो, नहीं तो यहां मर्डर कर देंगे। हम घबरा गए और अपने पास रखे करीब 30 हजार रुपए बदमाशों को दे दिए। इसके बाद भी बदमाश नहीं माने और कार में बैठी दो महिलाओं के गले से मंगलसूत्र और कान के आभूषण छीन लिए। कुछ ही देर में बदमाश मौके से भाग निकले। पीड़ित ने बताया कि हमने समीप स्थित ढाबे वाले की मदद ली और ढाबा संचालक ने ही पुलिस को घटना की जानकारी दी।

### सविता बाई बनीं जैविक खेती की मिसाल

**कटनी।** ज़िले के विकासखंड ढीमरखेड़ा के एक छोटे से गाँव अतरिया की किसान सविता बाई ने अपने संघर्ष, लगन और नवाचार से वो कर दिखाया है, जो कई बड़े किसान नहीं कर पाए। सीमित संसाधनों और मात्र 4.5 एकड़ ज़मीन में खेती कर अपने परिवार का जीवन यापन करने वाली सविता बाई ने अब आधुनिक और जैविक खेती को अपनाकर न केवल आर्थिक तरक्की की, बल्कि गांव में प्रेरणा की प्रतीक बन गई हैं। सविता बाई अपने खेत में गेहूं,चना और धान की भी खेती करतीं हैं। पर्यावरणविद एवं मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह बताते हैं कि सविता बाई को न केवल उन्नत कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया है,बल्कि बीते साल उन्हें व्यावसायिक स्तर पर बैंगन, टमाटर और मिर्च की खेती शुरू करने हेतु पौधे और तकनीकी सहायता भी दिया गया। सविता बाई ने केवल 0.25 एकड़ में उन्नत विधि से सब्जियों की खेती कर 25हजार 500 रुपए की आमदनी अर्जित की जो गेहूं, धान, चना आदि की खेती से अर्जित आमदनी के अतिरिक्त है।

## महापौर का ऐलान, नए सिरे से किया जाएगा नामकरण

# एयरपोर्ट तिराहे के नामकरण को लेकर भारी बवाल

# बैरीकेडिंग तोड़कर निगम कार्यालय में घुसे प्रदर्शनकारी

सतना।

सोमवार को रॉयल राजपूत संगठन द्वारा एयरपोर्ट तिराहे का नाम महाराणा प्रताप रखे जाने की मांग को लेकर नगर निगम कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया गया। इस दौरान यहां पर विप्र सेना ने भी नामकरण को लेकर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। रॉयल राजपूत संगठन का कहना था कि तिराहे का नामकरण महाराणा प्रताप ही होना चाहिए उसे बदलने को लेकर संगठन ने जबरदस्त नारेबाजी की और प्रदर्शनकारियों ने बैरीकेडिंग तोड़ दिया और कार्यालय के भीतर घुस गए। बाद में महापौर ने ऐलान किया कि एयरपोरट तिराहे का नामकरण अब नए सिरे से किया जाएगा। महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने रॉयल राजपूत संगठन को आश्वासन दिया है कि हवाई पट्टी तिराहे के नामकरण की प्रक्रिया फिलहाल स्थगित कर दी गयी है। नये सिरे से इस पर पुनः विचार किया जायेगा। महापौर द्वारा एसडीएम रघुराजनगर राहुल सिलाडिय़ा को रॉयल राजपूत संगठन द्वारा सौंपे गये ज्ञापन एवं विरोध प्रदर्शन पर लिखित तौर पर भी यह बात कही गयी है। उन्होंने कहा है कि राजपूत संगठन की भावनाओं का सम्मान करते हुए पूरा सहयोग किया जायेगा। यहां उल्लेखनीय है कि हवाई पट्टी तिराहे पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा पहले से स्थापित है। जिसके कारण रॉयल राजपूत संगठन महाराणा प्रताप तिराहे का नाम बदले जाने से असहमत है।





### ज्ञापन सौंपकर किया था प्रदर्शन का ऐलान

नगर निगम परिषद द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों का नया नामकरण किये जाने का प्रस्ताव पारित किया गया था। इसी क्रम में हवाई पट्टी तिराहे का नामकरण भगवान सहस्त्रबाहु तिराहा किये जाने का निर्णय लिया गया था। जिसके विरोध में रॉयल राजपूत संगठन ने अनुविभागीय दंडाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए नगर निगम में प्रदर्शन करने का ऐलान किया था। रॉयल राजपूत संगठन के अनेक पदाधिकारियों एवं समाज के सदस्यों द्वारा पूर्व घोषणा के अनुसार आज नगरनिगम के समक्ष जंगी प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारी वैरीकेट्स तोड़ कर नगर निगम परिसर के अंदर घुस गये। नगर निगम के सामने रॉयल राजपूत संगठन के प्रदर्शन को देखते हुए सीएसपी देवेन्द्र प्रताप सिंह,टीआई सिटी कोतवाली रावेन्द्र द्विवेदी ने पुलिस बल सहित नगर निगम पहुंच कर मोर्चा संभाल लिया था। प्रदर्शन की जानकारी मिलने पर एसडीएम सिटी राहुल सिलाडिय़ा भी मौके पर पहुंच गये थे। एसडीएम ने प्रदर्शनकारियों को महापौर की ओर से निर्णय पर पुनर्विचार का आश्वासन दिया। महापौर द्वारा नामकरण प्रक्रिया स्थगित किये जाने की घोषणा के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ।

# युवतियों को प्रेम जाल में फंसाने वालों के खिलाफ एडवाइजरी

### लग्जरी कार, पहनावा और महंगे इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स वाले जालसाजों से रहे सावधान

सतना।

राज्य साइबर पुलिस मुयालय भोपाल द्वारा महिलाओं एवं छात्राओं को साइबर अपराधों के प्रति सावधानियां बरतने की सलाह दी गयी है। इस संबंध में जारी एडवाईजरी में कहा गया है कि वर्तमान में जालसाजों या संगठित गिरोह द्वारा छात्राओं,महिलाओं से यौन शोषण,ब्‌लैकमेलिंग के मामले सामने आ रहे हैं,जिनमें महिलाओं को प्रेमजाल में फंसाकर उनके अश्लील,अंतरंग वीडियो बनाकर यौन शोषण और ब्लैकमेलिंग की घटनायें सामने आयी हैं। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राज्य साइबर पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा जारी एडवाईजरी में इनकी कार्यप्रणाली बतायी गयी है। बताया गया है स्कूल-कॉलेज जाने वाली,घर से बाहर हरकर पढने वाली युवतियों एवं एकल महिलायें जालसालों के निशाने पर है। जालसाज व्यक्ति निजी स्तर पर या संगठित गिरोह बनाकर इस प्रकार की युवतियों-महिलाओं से स्कूल, कॉलेज, कोचिंग आदि या सोशल मीडिया के माध्यम से दोस्ती करते हैं। जालसाज महंगी जीवनशैली और लग्जरी गाडिय़ों व इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स का इस्तेमाल करते हैं,इस प्रकार दिखावे के प्रलोभन में आकर युवतियां ऐसे लोगों की बातों में आकर इनसे दोस्ती कर लेती हैं। कई बार जालसाजों के गिरोह में इनके सहयोग के लिये महिलायें भी होती हैं। शुरू में जालसाज का व्यवहार बेहद सहयोगात्मक एवं शराफत भरा होता है,जिससे ये युवतियों का विश्वास जीत लेते हैं। इसके बाद जालसाज युवतियों को पब, रेस्टोरेंट, होटल, ढाबा इत्यादि जगहों पर ले जाकर लग्जरी जीवन शैली एवं नशे की लत लगवाकर नशे की हालत में इनका यौन शोषण करते हैं। ऐसे स्थान अधिकतर इनके गिरोह के सदस्यों के ही होते हैं। जिनमें छुपे हुये कैमरे लगे होते हैं। जालसाज आपत्तिजनक स्थितियों की अश्लील फोटो/ वीडियो बनाकर युवतियों को ब्लैकमेल करते हैं एवं गिरोह के अन्य सदस्यों से यौन संबंध बनाने के लिये मजबूर करते हैं। पीड़िताओं को सलेहियों एवं परिचित युवतियों को इनकी बताई जगहों पर लाने के लिये मजबूर कर उनका भी जबरन यौन शोषण एवं इसी प्रकार ब्लैकमेलिंग करते हैं,जिससे कई युवतियां इनका शिकार हो जाती हैं। कुछ प्रकरण में महिलाओं पर जबरन शादी, धर्मांतरण के लिये दबाव बनाया जाता है एवं इन्हें मानव तस्करी व देह व्यापार जैसे अनैतिक कार्य में भी धकेला जा सकता है।

# जय स्तंभ चौक में आवारा पशुओं का आतंक, युवक को मारी सींग, हालत गंभीर





सतना।

रविवार को जयस्तंभ चौक पर बैलों की लड़ाई में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के समय पीड़ित शिवम अहिरवार अपनी मां के साथ सब्जी खरीदने आया था। वो अपनी बाइक पर बैठा था,तभी आपस में लड़ रहे दो बैल उसकी बाइक से टकरा गए। इसी दौरान एक बैल ने युवक की कमर पर सींग मार दी,जिससे उसकी कमर पर छह इंच का गहरा घाव हो गया। घायल युवक को पहले जिला अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उसे रीवा रेफर कर दिया। कुछ युवकों ने घायल को इलेक्ट्रिक बाइक से अस्पताल पहुंचाया घटना के बाद एंबुलेंस के लिए कॉल किया गया, लेकिन एंबुलेंस सेवा से कोई मदद नहीं मिली। मोहम्मद फैजल इकवाल और उनके एक दोस्त ने घायल युवक को इलेक्ट्रिक बाइक से अस्पताल पहुंचाया। नगर निगम ने आवारा जानवरों को पकड़ने के लिए हांका दल बनाया है। लेकिन शहर में सैकड़ों की संख्या में घूम रहे आवारा जानवर आए दिन हादसों का कारण बन रहे हैं। प्रशासन की ओर से इस समस्या पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।

# बदमाशों ने घर में लगाई आग, कट्टे से हवाई फायरिंग कर भागे

## पुरानी रंजिश का बदला लेने पहुंचे थे 4 आरोपी

सतना।

नागौद कस्बे में एक घर के बाहर रखे सोफे में पेट्रोल डालकर आग लगाने का मामला सामने आया है। घटना रविवार सुबह 3.25 बजे बापू नगर फुटबॉल ग्राउंड के पीछे एक मकान में हुई। इसका सोमवार को एक सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। फरियादी प्रांजल सिंह ने पुलिस को बताया कि चार आरोपी देवरत सिंह,प्रियांशू सिंह,अक्षत अग्रवाल और निलेन्द्र सिंह उनके घर पहुंचे। वे गाली-गलौच करने लगे। इसके बाद एक आरोपी ने सोफे में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश जारी है। हवाई फायर कर भागे आरोपी प्रियांशु और उसके पिता रावेंद्र सिंह ने जब शोर मचाया तो आरोपी देवरत सिंह ने कट्टे से हवाई फायर किया और अपने साथियों के साथ भाग गया। ये घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। आग में सोफे के साथ घर में लगे 7 पर्दे और बरामदे में खड़ी बाइक का पिछला हिस्सा जल गया।



### 4 दिन पहले हुआ था विवाद

टीआई अशोक पांडेय ने बताया कि फरियादी और आरोपियों के बीच किसी बात को ले कर 4 दिन पहले विवाद हुआ था। जिसमें फरियादी प्रांजल सिंह ने अपने साथियों के साथ मिलकर देवरत सिंह की पिटाई कर दी थी। इसी रंजिश को ले कर आरोपियों ने वारदात की। टीआई ने कहा कि पुलिस ने मौके से गोली का खोखा बरामद किया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश जारी है। जल्द की उनकी गिरफ्तारी होगी।

# जिले में 25 लाख पौधों के रोपण की पूरी तैयारी रखें: कलेक्टर

### पहुंचविहीन क्षेत्रों में तीन माह का 25 प्रतिशत ही खाद्यान्न पहुंचने पर डीएम नान को नोटिस

सतना।

कलेक्टर डा.सतीश कुमार एस ने सतना जिले में बरसात के दौरान निर्धारित लक्ष्य 25 लाख पौधों के रोपण की कार्य योजना अनुसार पूरी तैयारी रखने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं। सोमवार को सम्पन्न समय सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर ने वृक्षारोपण की कार्ययोजना और तैयारियों की समीक्षा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर स्वप्निल बानखडे,सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, एसडीएम एपी द्विवेदी, राहुल सिलाडिया, एलआर जांगडे, डिप्टी कलेक्टर सुधीर बेक सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर डा.सतीश कुमार एस ने विकासखण्डवार वृक्षारोपण की तैयारियों की समीक्षा में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जनपद पंचायतें नगरीय क्षेत्रों में नगर पंचायत एवं अन्य शासकीय विभागों के अधिकारी अपनी कार्ययोजना के अनुसार चयनित साइट पर गड्ढों की तैयारी और पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित कर लें। इसके अलावा पौधों की सुरक्षा और बरसात के बाद पौधों की सिंचाई के लिए जल की उपलब्धता भी चिन्हांकित कर लें। उन्होंने कहा कि कृषि और उद्यानिकी विभाग द्वारा किसानों को पौधे उपलब्ध कराये जायेंगे। यह पौधे उन्हें बृहद सीमेंट प्रतिष्ठानों एवं बृहद औद्योगिक संस्थानों द्वारा सीएसआर मद से दिये जायेंगे। इसके अलावा अन्य विभागों को भी आवश्यकतानुसार पौधे सीएसआर मद से दिए जायेंगे। विभागों को पौधे कब और कहां चाहिये। एक सप्ताह पहले डिमांड प्रस्तुत करेंगे। विश्व योग दिवस पर 21 जून को प्रातः 6 से 8 बजे तक जिला स्तरीय सामूहिक योग का कार्यक्रम व्यंक्ट क्रमांक एक के मैदान में आयोजित होगा। कार्यक्रम के आयोजन के लिए जिला पंचायत की सीईओ संजना जैन को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी तरह जिला शिक्षा अधिकारी और जिला आयुष अधिकारी डा.नरेन्द्र पटेल को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। कलेक्टर ने कहा कि सभी शासकीय अधिकारी, कर्मचारी योग कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 15 से 30 जून तक चयनित गांवों में योजनाओं के शिविर लगाए जा रहे हैं। सभी विभागों के अधिकारी इन शिविरों में उपस्थित रहकर हितग्राहियों को शत-प्रतिशत लाभ से संतृप्त करें। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि आगामी दो-तीन दिन सीएम हेल्पलाइन में फोकस कर प्रगति बढायें। बाढ नियत्रण की बैठक के निर्देशों के पालन की जानकारी में कलेक्टर ने कहा कि मौसम विभाग के अधिकारी को टीएल की बैठक में उपस्थित रहना चाहिए। उन्होंने मौसम विभाग के अधिकारी को पत्र जारी करने के निर्देश दिए। इसी तरह जिला होमगार्ड से किसी अधिकारी के उपस्थित नहीं रहने पर कलेक्टर ने अप्रसन्नता जाहिर की। कलेक्टर ने कहा कि बरसात से पहले जीर्ण-शीर्ण भवनों को रेखांकित कर उनमें आवश्यक सावधानी और बचाव के उपाय कर लें। पहुंच विहीन क्षेत्रों में बरसात के दौरान तीन महीनों का खाद्यान्न भंडारण के तहत अभी तक मात्र 25 प्रतिशत खाद्यान्न ही पहुंचने पर कलेक्टर ने डीएम नान पंकज बोरसे को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार समग्र ई-केबायसी में नगर पंचायत चित्रकूट द्वारा इस सप्ताह कोई काम नहीं किये जाने पर सीएमओ चित्रकूट अंकित सोनी का एक सप्ताह का वेतन काटने के निर्देश दिये।



### इनक्यूबेशन सेंटर की महिला उद्यमी को मिला इंस्पायरिंग वूमेन ऑफ मध्य प्रदेश का सम्मान

सतना।

भोपाल में आयोजित कार्यक्रम रूबरू ज़िंदगी के मंच पर सतना की महिला उद्यमी को इंस्पायरिंग वूमेन ऑफ मध्य प्रदेश के सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह उपलब्धि सिर्फ एक सम्मान नहीं, बल्कि एक ऐसे सफर की कहानी है जो सपनों से शुरू होकर संघर्षों और सीख के रास्तों से होते हुए सफलता तक पहुंची है। कृष्णा कबीर,जिनके पिता का नाम संदीप कबीर है,बचपन से ही फैशन और डिजाइनिंग की शौकीन रही हैं। लेकिन सीमित संसाधनों और अनुभव की कमी के चलते उन्हें शुरुआत करने में कठिनाई होती रही। तभी उन्हें सतना स्मार्ट सिटी इनक्यूबेशन सेंटर की पहल नर्मात्री के बारे में पता चला। नर्मात्री एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जो महिलाओं को उद्यमिता की दिशा में ट्रेनिंग,मार्गदर्शन और नेटवर्किंग जैसी सुविधाएं देता है। कृष्णा ने नर्मात्री से जुड़कर अपने विचारों को आकार देना शुरू किया।ट्रेनिंग और मेंटरशिप की मदद से उन्होंने नींव रखी,एक ऐसा ब्रांड जो पुराने कपड़ों को रीसायकल करके नए और स्टाइलिश परिधानों में बदलता है। उनका उद्देश्य सिर्फ फैशन नहीं,बल्कि सस्टेनेबल फैशन को बढ़ावा देना है। पुराने वस्त्रों को नए डिज़ाइन और सोच के साथ दोबारा उपयोग करता है,जिससे न सिर्फ कपड़े बचते हैं बल्कि पर्यावरण को भी नुकसान नहीं पहुंचता। हर एक कपड़ा एक नई कहानी,एक नया रूप लेकर आता है-और यही बात उनके ब्रांड को खास बनाती है। कृष्णा की यह सफलता न सिर्फ उनके व्यक्तिगत सपनों की उड़ान है,बल्कि उन तमाम महिलाओं के लिए प्रेरणा है जो कुछ अलग करना चाहती हैं लेकिन सही मार्गदर्शन की तलाश में हैं। सतना स्मार्ट सिटी इनक्यूबेशन सेंटर और निर्मात्री जैसी पहलें आज मध्यप्रदेश में महिलाओं की उद्यमिता को नई पहचान दे रही हैं। कृष्णा कबीर जैसे उदाहरण यह साबित करते हैं कि अगर सच्ची लगन और सही प्लेटफॉर्म मिले, तो हर सपना हकीकत बन सकता है। कलेक्टर सतना श्री सतीश कुमार एस एवं ईडी सतना स्मार्ट सिटी शेर सिंह मीणा ने उन्हें यह सम्मान मिलने बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### मैहर सिविल अस्पताल कैंपस में बने सुलभ शौचालय में लगा रहता है ताला

**मैहर।** मैहर के सिविल अस्पताल कैंपस में बने सुलभ शौचालय में हमेशा ताला लगा रहता है। नगर पालिका द्वारा दो कर्मचारियों की शिफ्ट में ड्यूटी लगाई गई है। दोपहर वाला कर्मचारी हमेशा ताला लगा कर गायब हो जाता है। जिसकी वजह से मरीजों के परिजन,महिला कार्यकर्ता एवं आस पास के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# संगठन को सशक्त करने मैहर में रखी गई रणनीति की नींव

**मैहर।** कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत सोमवार प्रातः 11 बजे हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित पर्यटन सूचना केंद्र में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त केंद्रीय पर्यवेक्षक रोहित चौधरी एवं जिला प्रभारी गुरमीत सिंह मंगू की गरिमामयी उपस्थिति रही। पत्रकारों को संबोधित करते हुए रोहित चौधरी ने कहा कि आज का युग संगठन की पुनर्रचना और जनसंपर्क का है। कांग्रेस जनसंवेदनशीलता के साथ गांव-गांव,वार्ड-वार्ड तक पहुंचेगी। हमारा उद्देश्य मात्र चुनाव नहीं, जन विश्वास का पुनर्निर्माण है।संगठन सृजन अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं,अपितु कार्यकर्ताओं की ऊर्जा और जमीनी मजबूती का नव-संस्कार है। यह अभियान नेतृत्व को नए सिरे से दिशा देगा। इस अवसर पर संगठनात्मक रूपरेखा,बूथ स्तर पर पुनर्गठन,कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी, युवाओं एवं महिलाओं को संगठन से जोड़ने हेतु रणनीतियों पर चर्चा की गई। कई वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं मीडिया प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को प्रभावशाली एवं संवादपरक बना दिया। तत्पश्चात पर्यवेक्षक श्री चौधरी बारी-बारी से वन बाय वन जिले के सभी ब्लॉकों के कार्यकर्ताओ से मुलाकात कर यहां की नब्ज जानने की कोशिश की है। कार्यक्रम के अंत में जिला कांग्रेस कमेटी मैहर की ओर से सभी मीडिया प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर पर्यवेक्षक राकेश चौधरी को भारतीय संविधान की अनुपम कृति स्मरण स्वरूप जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी ने समस्त कांग्रेसजनों की उपास्थित में सौपी है।

### नेत्रदान महादानः श्रीमती बूटी बाई रजक का मरणोपरांत परिवार की सहमति से हुआ नेत्रदान

मैहर

पुरानी बस्ती निवासी रजक परिवार ने नेत्रदान कर दो नेत्रहीनो के जीवन में रोशनी लाने की जो महान कृपा की है उसके लिए वह साधुवाद के पात्र हैं। राम संजीवन रजक देवर आनंद पुत्र आदित्य, अभय पौत्र एवं समस्त रजक परिवार मैहर नेत्रदान कराने में सिंधु रत्न भाई बलराम जग्यासी,महेश दरियानी,श्रीमती सुषमा कलवानी,संजय जादवानी,ज्योति माखीजा,अंजू कलवानी, हिमांशु कलवानी एवं सतगुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट की टीम का विशेष सहयोग रहा।

**खबर संक्षेप**



## पन्ना कटनी मुख्य मार्ग पर करही तिरहा में कब मिलेगी जाम से राहत

**पवई।** सडकों पर लगातार बड़ा रही वाहनों की संख्या सकरी सडके उसके ऊपर आजू बाजू मे अवैध कब्जा एवं निर्माण की वजह से मुख्य पर जाम लगना तो आम है ही साथ मे राहगीर के लिए जान लेवा भी साबित हो रहा है सलेहा तिराहा से लेकर अस्पताल तक मार्ग संकीर्ण हो गया दिन भर निकलने वाले बडे चार पहिया लोडिड वाहनों की संख्या अत्यधिक बढ चुकी है सबसे अधिक समस्या मोहन्द्रा तिराहा करही तिराह बस स्टैंड अस्पताल के पास निर्मित होती है देखा जाता है कि मार्ग के ऊपर ही लोग निजि वाहन खडे देते है जिससे यातायात प्रभावित होना आम बात है साथ भीड मे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है बताया जाता है इटौर पेट्रोल पम्प से माही ढाबा वाईपास तक डिवाइडर मार्ग का निर्माण होना है जिसका काम भी जल्दी शुरू होने वाला है लोगो का कहना डिवाइडर मार्ग निर्माण सपना है या हकीकत देखा क्योकि मार्ग को लेकर अभी तक किसी तरह से काम शुरू नही हुआ देखा जाए तो शासन और प्रशासन द्वारा यातायात व्यवस्था को सरल व सुगम बनाने के लिए जरूरत के हिसाब से मार्गो का चौड़ीकरण किया जा रहा है।

## ईलाज के लिए राशि स्वीकृत

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने पवई विधायक प्रहलाद लोधी की अनुशंसा पर 59 हितग्राहियों को ईलाज के लिए 14 लाख 8 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की है। जिला कलेक्टर द्वारा विधायक स्वेच्छानुदान निधि अंतर्गत एवं इस संबंध में जारी निर्देशों के तहत वर्ष 2025-26 में उपलब्ध आवंटन के आधार पर उपचार के लिए प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### मध्य प्रदेश की हीरा नगरी पन्ना ने फिर चार किसानों की किस्मत चमकाई, खुदाई के वक्त किसान को मिला डायमंड

# चमकी किसान की किस्मत, 3.01 कैरेट का मिला नायाब हीरा

**पन्ना। रत्नगर्भा धरती पन्ना ने एक फिर नया हीरा उगला है. जिसमें किसान की किस्मत खुल गई. किसान ने हीरा कार्यालय पन्ना में हीरे को जमा करवाया है. हीरे का वजन 3.01 कैरेट है. जिसकी अनुमानित कीमत 8 से 10 लाख रुपए आंकी जा रही है, जो आगामी नीलामी में बिक्री के लिए रखा जाएगा।**



## पन्ना में फिर चमकी किसान की किस्मत

हीरा मिलने वाले किसान राकेश गिरी गोस्वामी ने बताया कि ष्हीरा मिलने की बहुत खुशी है. हीरे का वजन 3.01 कैरेट है. इसकी अनुमानित कीमत 8 से 10 लाख रुपए बताई जा रही है. हीरा बिक्री से जो पैसा मिलेगा, उसे हम चार पार्टनरों में बांट लेंगे. उन्होंने बताया कि करीब 6 माह पहले ग्राम सरकोहा में आकाश रैकवार के खेत में पट्टा लेकर खदान खोदी थी. इस खदान में उसके साथ चार पार्टनर थे. 6 महीने मेहनत करने के बाद आज हीरा मिला है. जिसमें राजू जैन, राजेश शर्मा, राजेंद्र और राकेश गिरी गोस्वामी हैं।

## हीरा कार्यालय में कुल 19 हीरे जमा

हीरा पारखी अनुपम सिंह ने बताया कि ष 16 जून सोमवार को राकेश गिरी गोस्वामी को सरकोहा की खेत खदान में 3.01 कैरेट का हीरा मिला है. जिसे हीरा कार्यालय में जमा करवाया गया है. हीरा उज्जवल किस्म का है. पहले भी इनके पिताजी को हीरे मिल चुके हैं, जो हीरा कार्यालय में जमा हुए थे. इस वर्ष हीरा कार्यालय में कुल 19 हीरे जमा हुए हैं. जिनका वजन 45.35 कैरेट है. जो आगामी नीलामी में बिक्री के लिए रखे जाएंगे. आगामी नीलामी की तिथि तय कर बताई जाएगी।

## फरवरी, मार्च में भी मिले थे हीरे

गौरतलब है कि इससे पहले 14 फरवरी 2025 को किसान को हीरा मिला था. जिसका वजन 4.24 कैरेट का था. किसान उमेश पाल ने पार्टनर के साथ मिलकर खदान लगाई थी. इसके बाद 29 मार्च 2025 को एक किसान को एक साथ 2 हीरे मिले थे. जिसके वजन 1.19 कैरेट और 1.77 कैरेट था. दोनों ही हीरे उज्जवला किस्म के थे. जिन्हें किसान ने हीरा कार्यालय में जमा कराया था।

## पन्ना में बनेगा डायमंड पार्क

इसके साथ ही पन्ना में डायमंड पार्क भी बनाया जाएगा. जिसके लिए जनकपुर गांव में 11 हेक्टेयर भूमि आरक्षित की हो चुकी है. इसके लिए आधिकारिक स्वीकृति भी मिल गई है. सरकार ने 1265 करोड़ का बजट भी स्वीकृत हो चुका है।

# आबकारी और पुलिस की कार्रवाई में 50 हजार की अवैध शराब सहित एक आरोपी पकड़ा गया



**पन्ना।** पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार और पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण थोटा के निर्देश पर पन्ना जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में जिला आबकारी अधिकारी पन्ना मुकेश कुमार मौर्य और सहायक जिला आबकारी अधिकारी शंभू दयाल जाटव के मार्गदर्शन में आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त पन्ना मुकेश कुमार पाण्डेय और कोतवाली थाना प्रभावी के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर तड़के ग्राम इटवा कलां में संयुक्त रूप से दबिश दी गई। जिसमें आरोपी धीरेन्द्र सिंह यादव पिता हरि सिंह यादव उम्र 28 वर्ष के रिहायशी मकान में आरोपी की उपस्थिति में विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी में आरोपी के रिहायशी मकान से लगे बाड़े के कोने में बोरियों से ढककर 11 पेटी अवैध शराब रखी थी। जिसके संबंध में आरोपी के पास कोई वैध परमिट या लायसेंस नहीं मिला। उक्त शराब की मौके पर गणना करने पर 8 पेटियों में 400 पाव देशी शराब जो बापुना डिस्टलरी द्वारा जबलपुर जिले के लिए भेजी गई थी, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 30800 रुपए और 3 पेटियों में 150 पाव गोवा व्हिस्की अंग्रेजी शराब अनुमानित कीमत लगभग 19200 रुपए पाई गई। कुल 99 बल्क लीटर अवैध शराब की कीमत लगभग 50000 रुपए पाई गई। 50 बल्क लीटर से अधिक शराब होने पर आरोपी के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) का अपराध आबकारी वृत्त पन्ना में पंजीबद्ध किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल पन्ना भेजा गया। प्रकरण की विवेचना जारी है, जिसमें आरोपी ने बताया कि आरोपी जबलपुर जिले से ऋषभ सिंह ग्राम इटवा कलां, विक्की राजा मझियारी, कुलदीप सिंह बिलघाड़ी के माध्यम से अवैध शराब मंगवाता है। प्रकरण में और भी आरोपी हो सकते है। इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश कुमार पाण्डेय, सहायक उप निरीक्षक पुलिस रामकृष्ण पाण्डेय, प्रधान आरक्षक अरुण तिवारी, कल्पना बागरी, आरक्षक अभिषेक, रामा, नीलेश आबकारी आरक्षक स्मिता ठाकुर, रवि प्रकाश मिश्रा, सोनू कोरकू, नगर सैनिक मोतीलाल, वीरेंद्र शामिल रहे।

# अवैध हथियार कट्टा लेकर दहशत फैलाने वाले कुख्यात चोर को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

### आरोपी के कब्जे से 1 अवैध देशी कट्टा व 1 जिंदा कारतूस जप्त उक्त आरोपी पर अजयगढ़ एव उत्तर प्रदेश के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चोरी व अन्य आपराधिक प्रकरण है दर्ज



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन मे बृजपर थाना की पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र मे अवैध हथियार लेकर दहशत फैलाने वाले 01 आरोपी को त्वरित कार्यवाही करते हुये गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्य़वाही की गई है। थाना प्रभारी बृजपुर को सूचना प्राप्त हुई थी कि एक अज्ञात व्यक्ति अवैध हथियार लेकर क्षेत्र में घूम रहा है, जिससे आम नागरिकों में भय और दहशत का माहौल है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन पर थाना प्रभारी द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर संदिग्ध व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध देसी कट्टा एवं 01जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस पूछताछ में आरोपी की पहचान प्रमोद उर्फ पिल्ला सोनकर के रूप में हुई है, जो कि क्षेत्र का कुख्यात चोर है। आरोपी पूर्व में अजयगढ़ एवं उत्तर प्रदेश के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चोरी एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है तथा उसके विरुद्ध कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। यह कार्रवाई क्षेत्र में अवैध हथियारों के प्रसार को रोकने में महत्वपूर्ण कदम है, बृजपुर पुलिस की इस त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई से क्षेत्रवासियों में पुलिस के प्रति विश्वास और सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है। उक्त कार्य़वाही मे थाना प्रभारी बृजपुर उनि. महेन्द्र सिंह भदौरिया,चौकी प्रभारी पाहाड़ीखोडा सउमि कमल सिंह चन्देल व थाना स्टॉफ का सराहनीय योगदान रहा। पन्ना पुलिस आमजन से अपील करती है कि यदि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिले तो तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचित करें, ताकि समय पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# वन विभाग ने बड़ी मशक्कत के बाद तेंदुए का किया रेस्क्यू ऑपरेशन

### पगरा के इटौरी हार के कुएं मे गिरा था तेंदुआ



**पन्ना।** अमानगंज क्षेत्र के पगरा के इटौरी हार मे तेंदुए के कुएं मे गिरने की खबर मिली थी जिसको देखने के लिए पगरा सहित आसपास के सैकड़ों लोग देखने पहुंचे थे। पूरा अमानगंज क्षेत्र तेंदुए की गांव मे घुसने से दहशत मे था।आनन फानन तेंदुए की सूचना वन विभाग को दी गई जानकारी मिलते ही वन विभाग अमला तुरंत मौके पर पहुंचा और रेस्क्यू करने की कोशिश की थी लेकिन तेंदुए के घायल होने के कारण असफल होकर उसी के हाल में छोड़कर चली गई थी, लेकिन आज सुबह फिर वन विभाग को सूचना मिली की तेंदुआ कुएं से बाहर निकलकर इटौरी के मजरा टोला भटवा में घर मे घुसा है प्राप्त जानकारी के अनुसार तुरंत वन विभाग और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम दलबल के साथ मौके पर पहुंची और बड़ी मशक्कत के बाद तेंदुए को रेस्क्यू कर पिंजरे में बंद कर लिया गया है। रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद ग्रामीणों की जान मे जान आई।



# मोदी सरकार के सुशासन को लेकर अमानगंज साइ मंडपम में भाजपा की बैठक संपन्न



**पन्ना।** प्रदेश आला कमान के निर्देशन पर पूरे पन्ना जिले में प्रत्येक मंडल में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल के कार्यकाल को लेकर संकल्प से सिद्धि तक अभियान चला कर मोदी के सुशासन के बारे में लोगों के बीच व्याख्यान करने हेतु भारतीय जनता पार्टी की बैठक अमानगंज के साइ मंडपम में आयोजित की गई। यह बैठक रविवार की शाम 7:00 बजे आयोजित हुई जहां भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ प्रशांत चतुर्वेदी के नेतृत्व में यह बैठक का आयोजन किया गया। वहीं बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष मीना पुष्पराज सिंह राजे एवं जिला उपाध्यक्ष भाजपा सुशील त्रिपाठी मौजूद रहे। जहां नगर परिषद अध्यक्ष सहित भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने अपने उद्बोधन दिए और सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाएं एवं 11 साल में मोदी सरकार द्वारा किए गए कार्यों को लेकर लोगों के बीच पहुंचने के बारे में चर्चा हुई। कार्यक्रम में भाजपा मंडल महामंत्री दीपक यादव सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### टीएल बैठक में हुई विभागीय गतिविधियों के क्रियान्वयन की समीक्षा

# बाढ़ आपदा की स्थिति से निपटने की करें पूर्व तैयारी- कलेक्टर



**पन्ना।** वर्षाकाल के दौरान बाढ़ आपदा एवं अन्य अप्रिय स्थिति से निपटने की पूर्व तैयारी कर ली जाए। सभी राहत एवं बचाव उपकरण की उपलब्धता सुनिश्चित हो। चिन्हित शिविर स्थलों के अतिरिक्त कंट्रोल रूम को भी सक्रिय करें। साथ ही जल संसाधन विभाग द्वारा बांध के जल स्तर की सतत निगरानी के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए। रेस्क्यू टीम को भी आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान कर तत्परता से राहत एवं बचाव कार्य करने के संबंध में सचेत करें। साथ ही लोक निर्माण विभाग द्वारा पुल-पुलिया एवं रपटों सहित पहुंच मार्ग की निगरानी कर आवश्यक मरम्मत कार्य भी कर लिया जाए। इसके लिए भी कर्मचारियों की ड्यूटी तय कर पाबंद किया जाए। कलेक्टर श्री कुमार ने सोमवार को कलेक्टेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा के दौरान उक्ताशय के निर्देश दिए। इस मौके पर विभागवार अद्यतन गतिविधियों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा भी की गई। कलेक्टर ने कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारी सीएम हेल्पलाइन सहित टीएल एवं जनसुनवाई पत्रों से संबंधित लंबित प्रकरण भी समयबद्ध रूप से निराकृत करें। साथ ही राजस्व विभाग द्वारा सीमांकन के मामलों का तेजी से निराकरण किया जाए। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय सीमा में नागरिक सेवाओं का प्रदाय सुनिश्चित हो। कलेक्टर ने 16 विभागों विशेषकर राजस्व, नगरीय प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं में निरंतर रूप से प्रगति लाकर जिले की रैंक में सुधार के लिए निर्देशित किया। बैठक में हितग्राहियों के समग्र ई-केवायसी कार्य को प्रति दिवस के लक्ष्य अनुसार अभियान मोड में संचालित कर 30 जून के पूर्व तक शत प्रतिशत कार्य पूर्णता के लिए निर्देशित किया। साथ ही नवीन शैक्षणिक सत्र में समय पर छात्रवृत्ति वितरण और पेंशन हितग्राहियों की आधार बेस्ड ई-केवायसी कार्य भी शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान समस्त पोषण पुनर्वास केन्द्रों पर चिन्हांकित कुपोषित बच्चों के समुचित उपचार के लिए निरंतर सजगतापूर्ण तरीके से निगरानी करने और एनआरसी से बच्चों के डिस्चार्ज उपरांत लगातार फॉलोअप के संबंध में भी निर्देशित किया गया।

## रोजगारमूलक प्रकरणों में बैंक स्तर पर हो समन्वय

कलेक्टर ने कहा कि विभिन्न विभागों की हितग्राहीमूलक एवं स्वरोजगारपरक योजनाओं के प्रति माह लक्ष्य मुताबिक प्रकरणों के स्वीकृति एवं वितरण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारी गंभीरतापूर्वक प्रयास करें। इस संबंध में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को बैंक स्तर पर जरूरी समन्वय के निर्देश दिए गए। साथ ही उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें सहित अन्य अधिकारियों को भी अधीनस्थ अधिकारीवार लक्ष्य सौंप कर नियमित रूप से प्रकरणों के स्वीकृति एवं वितरण संबंधी कार्यवाही से अवगत कराने के लिए कहा। जिला कलेक्टर ने सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के लंबित पेंशन प्रकरण सहित आगामी 31 अगस्त तक रिटायर होने वाले शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ तैयार कर जिला पेंशन कार्यालय में प्रेषित करने के लिए कहा, जिससे सभी स्वत्वों का भुगतान समय पर हो सके।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों को समय पर पूर्ण करें

कलेक्टर ने कहा कि आगामी 30 जून तक संचालित होने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान में सहभागी विभाग निर्धारित गतिविधि के तहत सभी कार्य समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इस सप्ताह अधिकाधिक संख्या में संबंधित विभागों द्वारा अपेक्षित कार्यवाही पूर्ण कर ली जाए। साथ ही गतिविधियों की पोर्टल पर भी तत्काल फीडिंग सुनिश्चित की जाए। इस दौरान जल संसाधन विभाग के अधिकारी को राजस्व रिकार्ड में विभागीय संरचनाओं को दर्ज कराने तथा अतिक्रमण हटाने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई सहित जल संरचनाओं के मरम्मत तथा अन्य निर्धारित बिन्दुओं पर वांछित कार्रवाई समय सीमा में पूर्ण करने के लिए कहा। इस अवसर पर गुड सेमारिटन नेक व्यक्ति योजना के तहत घायल व्यक्तियों के अस्पताल में निःशुल्क उपचार तथा गोल्डन ऑवर में गंभीर घायल व्यक्ति की जीवन रक्षा के लिए अस्पताल पहुंचाने वाले राहगीर को 25 हजार रूपए की सहायता राशि के बारे में भी अवगत कराया गया। टीएल बैठक में खाद्यान्न उठाव एवं वितरण, उपार्जित गेहूं के परिवहन तथा कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में गत 12 जून को सागर में संपन्न हुई संभागीय समीक्षा बैठक के निर्देशों के पालन में अभी से आवश्यक कार्रवाई और क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए।

## शिविरों की करें निरंतर मॉनीटरिंग

जिला कलेक्टर ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत आयोजित शिविरों में आदिवासी समुदाय के पात्र हितग्राहियों के शत प्रतिशत चिन्हांकन सहित विभिन्न विभागों की जनहितैषी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविर में ड्यूटीरत लोकसेवक शिविर में समय पर उपस्थित होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। प्रतिदिन की प्रगति से अवगत कराने के साथ ही वरिष्ठ अधिकारी द्वारा शिविरों की मॉनिटरिंग भी की जाए। इस संबंध में समस्त जिलाधिकारियों को इस महत्वाकांक्षी अभियान के शिविरों में अधीनस्थ लोकसेवकों को आवश्यक सहयोग व मार्गदर्शन प्रदान कर भ्रमण कार्यक्रम निर्धारित करने के निर्देश भी दिए। टीएल बैठक में अन्य अंतर्विभागीय समन्वय के मुद्दों पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी सहित एसडीएम संजय नागवंशी एवं संयुक्त कलेक्टर व प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी कुशल सिंह गौतम भी उपस्थित थे।

## महेबा ग्राम में टैंक खोदने को लेकर हुआ विवाद फरियादी के साथ हुई जमकर मारपीट, अमानगंज थाने में मामला दर्ज

**पन्ना।** जिले के अमानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले महेबा ग्राम में एक मारपीट का मामला सामने आया है, वहीं रविवार की रात 8:00 बजे अमानगंज पुलिस ने पूरे मामले में जानकारी देते हुए बताया कि रविवार की शाम लगभग 4 से 5 बजे के बीच फरियादी बलवान सिंह पिता राम प्रसाद राजपूत उम्र 44 वर्ष ने अमानगंज थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह लेटरिंग का टैंक खोद रहा था इसी बात को लेकर विवाद हो गया जिस पर आरोपी पंकज, कृष्णपाल एवं प्रेम शंकर द्वारा फरियादी के साथ मारपीट की फरियादी की। सूचना पर अमानगंज पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी।

## मलेरिया निरोधक माह के रूप में मनाया जा रहा है जून माह

पन्ना। राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत वर्तमान जून माह को मलेरिया निरोधक माह के रूप में मनाया जा रहा है। सोमवार को कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अंतर विभागीय मलेरिया कार्यशाला का आयोजन कलेक्टेट सभाकक्ष में किया गया। इस अवसर पर उपस्थितजनों को मच्छरजनित विभिन्न बीमारियों डेंगू, मलेरिया, फायलेरिया इत्यादि से बचाव एवं रोकथाम के संबंध में आवश्यक जानकारी व उपाय बताए गए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा बीमारियों से बचाव के लिए विभिन्न जागरूकता गतिविधियों की जानकारी से भी अवगत कराया गया। जिला मलेरिया अधिकारी अरूणेन्द्र प्रताप सिंह ने कार्यशाला में विभिन्न विभागों से आवश्यक सहयोग व समन्यवय की अपेक्षा की। बताया गया कि बीमारी से बचाव के लिए व्यक्तिगत सुरक्षा के उपायों सहित मलेरिया मुक्त पन्ना के लिए सभी का सहयोग अपेक्षित है। विभाग स्तर पर चिन्हित स्थलों पर मच्छरों के लार्वा विनिष्टीकरण की कार्यवाही की जाएगी।

# कलेक्टर ने झोलाछाप डॉक्टरों पर एफआईआर दर्ज कराने दिए सख्त निर्देश

**राजनगर, बक्सवाहा बीएमओ को खराब प्रदर्शन और पूर्व सूचना के बावजूद अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए**

## लंबित शिकायतों पर जिले के कई अधिकारियों को नोटिस

छतरपुर

जिले में बढती झोलाछाप व नाबालिक चिकित्सकों की संख्या को देखते हुए कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने करीब 2 माह पूर्व टीएल बैठक मे सीएमएचओ को निर्देश दिए थे कि झोलाछाप डॉक्टरों की जांच कर उन पर एफआईआर दर्ज करायें। लेकिन जिले में अभी तक 2 माह में मात्र 7 झोलाछाप डॉक्टरों के विरूद्ध एफआईआर का हवाला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने दिया था। कलेक्टर के निर्देश का सही ढंग से पालन न होने पर दूसरी बार कलेक्टर को टीएल बैठक में सख्त निर्देश देने पडे कि झोलाछाप चिकित्सकों पर सख्त कार्यवाही करते हुए एफआईआर कराएं। हालाकि कलेक्टर की टीएल बैठक में झोलाछाप डॉक्टरों का मुद्दा पूरी तरह से छाया रहा और कलेक्टर ने खण्ड चिकित्सा अधिकारियों से झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्यवाही की समीक्षा करते हुए जब संतोष जनक कार्यवाही नही पाई तो कडे शब्द्धों में निर्देश दिए कि जिन झोलाछाप डॉक्टरों पर अभी तक कार्यवाही नही हुई है। उन पर तत्काल प्रभावी कार्यवाही कर एफआईआर व जुर्माने की कार्यवाही भी करें। कलेक्टर का यह कडा रूख देखते ही अधिकांश बीएमओं के चेहरों पर हवाइयां उडने लगी। क्योंकि झोलाछाप डॉक्टर बीएमओ की अबैध बसूली का साधन बने हुए है। यदि बीएमओ द्वारा झोलाछाप डॉक्टरों पर एफआईआर कराई जाती है तो उनकी अबैध कमाई पूरी तरह से ठप्प हो जाएगी। अब देखना यह है कि सीएमएचओ और संबंधित खण्ड चिकित्सा अधिकारी इस बार कलेक्टर के आदेश का कितना पालन करते है। क्योंकि यह निश्चित है कि एक माह बाद कलेक्टर पार्थ जैसवाल फिर से टीएल बैठक में झोलाछाप डॉक्टरों पर कराई गई एफआईआर व कार्यवाही की समीक्षा कर सकते है। सीएमएचओ ने तो इससे अपना पल्ला ही झाड लिया है उन से जब इस संबंध में पूछा जाता है तो बह यह कहते है कि मेने बीएमओ, एसडीएम और एसडीओपी के नेतृत्व में कमेटी बना दी है। और इस कमेटी को ही झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्यवाही कर एफआईआर कराना है। राजनगर एवं बक्सवाहा के बीएमओ को खराब प्रदर्शन और पूर्व सूचना के बावजूद अनुउपस्थित रहने पर कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

### सटई एवं बड़ामलहरा ब्लॉक में कार्यवाही जीरो

सटई एवं बड़ामलहरा विकासखण्ड के बीएमओ द्वारा




कार्यवाही क्या की जा रही है इसका अन्दाजा खुद ही लगाया जा सकता है क्योंकि इन दोनो ही विकासखण्डों में झोलाछाप डॉक्टरों के विरूद्व कार्यवाही जीरो है। सटई बीएमओ जो बिजावर में रहते है और कभी कभार ही सटई ब्लॉक के दर्शन करने आते है। सिर्फ उनका बसूली अभियान चलता है। क्योंकि वह अपने आप को चाचा का भतीजा क्षेत्रीय झोलाछाप चिकित्सकों को बताते हैं, और चाचा की आड़ में झोलाछाप डॉक्टरों से उनकी बसूली जमकर होने, झोलाछाप चिकित्सकों ने आरोप लगाये। जब भी उनसे कोई बात झोलाछाप डॉक्टरों के संबंध में की जाती है तो उनका कहना होता है, बिजावर में सबसे ज्यादा काम रहता है और नोटिस टाईप हो रहे है। नोटिस टाईप होते ही झोलाछाप चिकित्सकों को भेज कर जवाब मंगाया जाएगा। लेकिन सटई बीएमओ को स्पष्ट पता है कि जब वह झोलाछाप डॉक्टरों से बसूली करते है और इसके बाद भी जब कार्यवाही करने जाएगे या तो झोलाछाप डॉक्टर अपना क्लीनिक बंद करके भाग जाएगे या फिर कार्यवाही करने पर उन्हें जमकर लताड़ लगाएगें की किस बात की बसूली उनसे की जाती है। जब बसूली की जा रही है तो कार्यवाही किस बात की इस डर के कारण बीएमओ झोलाछाप डॉक्टरों के पास जाने में पूरी तरह से कतरा रहें है। और बसूली बंद न हो जाए इसलिए कलेक्टर के आदेश को भी दरकिनार कर रहें है। यही हाल बडामलहरा बीएमओ का है और बडामलहरा क्षेत्र में गांव गांव में झोलाछाप डॉक्टरों ने पैर फैला रखे है। अब देखना यह है कि कौनसा बीएमओ कलेक्टर के निर्देशों पर खरा उतरकर सबसे अधिक एफआईआर झोलाछाप डॉक्टरों पर कराता है।

### घुवारा सीएमओ और एआरआई के विरूद्व निलवंन की कार्यवाही के निर्देश

कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने इस टीएल बैठक में घुवारा सीएमओ और एआरआई के विरूद्व निलवंन की कार्यवाही के निर्देश दिए है क्योंकि इनको सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की जानकारी नही थी इस कारण निलवंन की कार्यवाही के निर्देश दिए गए है इसी प्रकार बिजावर के बीइओ और डाइट प्राचार्य को भी सीएम हेल्पलाइन में लापरवाही बरतने पर, खनिज अधिकारी एवं कृषि उपसंचालक को भी शिकायतों की अनदेखी करने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित विभागों में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का संचालन कर रहें कम्पयूटर्स आपरेटर का एक दिन का बेतन काटने के निर्देश दिए गए। बक्सवाहा के सीएमओ का प्रभार अन्य अधिकारी को देने के निर्देश दिए गए।

### एसडीएम तहसीलदार विद्युत विभाग की शिकायत पंजी का करेंगे अवलोकन

कलेक्टर ने एमपीईबी के एशई एवं ई.ई को स्पष्ठ निर्देश दिए है कि प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण हो साथ ही शिकायत नम्बरों पर कॉल करने पर तुरंत काल अटेण्ड की जाए कलेक्टर ने अनुभाग स्तर पर भी शिकायत नंबर जारी करने के निर्देश दिए साथ ही खण्ड स्तर पर बिजली विभाग के कार्यालयों पर एसडीएम को निर्देश दिए कि राजस्व विभाग के दो कर्मचारी की ड्यटी लगाए जाए कलेक्टर ने जिला स्तर कट्रोल रूम से शिकायतों के निराकरण का क्रास चेक करने के निर्देश दिए साथ ही एसडीएम और तहसीलदार को अगले 15 दिन तक शाम के समय एमपीईबी कार्यालय में शिकायत पंजी का अवलोकन कर निराकरण संबंधी समीक्षा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि विद्युत ब्यवस्था दुरूस्त नही हुई तो संबंधित पर कडी कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने टीएल बैठक में आदिम जाति कल्याण विभाग के जिला समन्वयक को बिना जानकारी बाले प्रतिनिधि को भेजने और स्वयं अनुपस्थित रहने पर शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही घुवारा, नौगांव, छतरपुर, एवं गौरिहार के तहसीलदारों को सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निपटारे में सबसे खराब प्रदर्शन के कारण नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

## सागर लोकायुक्त ने 4 हजार की रिश्वत लेते पटवारी को रंगे हाथों पकड़ा



छतरपुर।

सागर लोकायुक्त की टीम ने सोमवार को छतरपुर में एक भ्रष्ट पटवारी को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पटवारी ने वसीयत के नामांतरण के लिए 5 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी, जिसमें से 4 हजार रुपये लेते समय उसे पकड़ा गया। इस कार्रवाई ने क्षेत्र में भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्ती का संदेश दिया है।

लोकायुक्त की कार्रवाई छतरपुर तहसील के गहरवार हल्का नंबर-29 के पटवारी श्यामलाल अहिरवार के खिलाफ हुई। निरीक्षक रंजीत सिंह ने बताया कि फरियादी पुष्पेंद्र अहिरवार निवासी निवरिया ने शिकायत की थी कि उनके नाना की मृत्यु के बाद जमीन के वसीयत नामांतरण के लिए पटवारी श्यामलाल ने 5 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी, जिसमें से 1 हजार रुपये वह दे चुका है। शेष रा?शि की मांग को लेकर पटवारी द्वारा पुष्पेन्द्र को परेशान किया जा रहा था, जिसके चलते पुष्पेंद्र ने सागर लोकायुक्त में शिकायत कर दी। लोकायुक्त टीम ने शिकायत का सत्यापन करने के बाद ट्रैप की योजना बनाई। निरीक्षक रंजीत सिंह के नेतृत्व में टीम ने सोमवार को पटवारी श्यामलाल को उनके देरी रोड कृष्णा कॉलोनी स्थित निवास पर 4 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। ?फरियादी पुष्पेंद्र अहिरवार ने बताया कि पटवारी ने बिना रिश्वत लिए नामांतरण करने से साफ मना कर दिया था। लोकायुक्त ने पटवारी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। श्यामलाल के घर से कुछ दस्तावेज और साक्ष्य भी जब्त किए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### पहली बार रक्तदान कर पेश की मिसाल: निशांत नीशू नायक का सराहनीय कदम

**छतरपुर।** शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती डॉ. सुरेन्द्र सिंह राजपूत की दोनों किडनियां खराब होने के कारण उन्हें तत्काल रक्त की आवश्यकता पड़ी। यह जानकारी मिलने पर बागेश्वर धाम में सेवा कार्य से जुड़े निशांत नीशू नायक ने मानवता का परिचय देते हुए सोमवार को जिला अस्पताल पहुंचकर अपना पहला रक्तदान किया। उनके इस कदम से न केवल मरीज की जान बचाने में मदद मिली, बल्कि युवाओं के लिए भी एक प्रेरणा प्रस्तुत की गई। निशांत के साथ अजय चौबे ने भी रक्तदान कर सहयोग दिया।

### महादेव जी के प्रांगण में सीआईएसएफ के जवानों ने किया योगाभ्यास

**खजुराहो।** हर वर्ष की भांति विश्व योग दिवस पर खजुराहो एयरपोर्ट पर सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ के जवानों द्वारा योग का कार्यक्रम रखा जाता है जिसमे मतँगेश्वर सेवा समिति के सदस्य भी उपस्थित रहते हैं। योग प्रशिक्षक निरुपम गोगोई ने बताया कि योग की अनेक विशेषताएं हैं, जिनमें शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभ शामिल हैं। यह शारीरिक फिटनेस, लचीलापन, और शक्ति को बढ़ाता है। योग तनाव कम करने, मानसिक स्पष्टता और एकाग्रता में सुधार करने, और बेहतर नींद को बढ़ावा देने में मदद करता है इसके अतिरिक्त, योग ऊर्जा के स्तर को बढ़ाता है, वजन प्रबंधन में सहायता करता है, और प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देता है। इस योग कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। यह कार्यक्रम खजुराहो के सभी प्रमुख मंदिरों मे किया जाता है। इस अवसर पर विशेष रूप से सुश्री उर्वशी साव, खजुराहो निरीक्षक परमानन्द वर्मा, हरेराम पाशवान एवं सी आईएसएफ के अन्य सदस्य बल उपस्थित रहे। योग एवं अध्यात्म प्रेमी पंडित सुधीर शर्मा ने खजुराहो मे योग के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए सीएसआईएफ के जवानों को धन्यवाद दिया।

### ब्लैकमेलिंग मामले का चौथा आरोपी गिरफ्तार



**छतरपुर।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के झनझन देवी के पास भाभी-देवर के साथ मारपीट और वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग के मामले में फरार चल रहे चौथे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में तीन आरोपियों को पहले ही पकड़ा जा चुका था। सिटी कोतवाली पुलिस ने कैंड़ी गांव के राजू कुशवाहा को गिरफ्तार किया है। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी ने बताया कि झनझन देवी के पास चार लोगों ने भाभी और उनके देवर के साथ मारपीट की थी। हमलावरों ने घटना का वीडियो बनाकर पीड़ितों को ब्लैकमेल करने की कोशिश की। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को पहले गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन चौथा आरोपी राजू कुशवाहा निवासी कैंड़ी फरार था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर राजू को कैंड़ी गांव से पकड़ा है।

### दो बाईकों की भिडंत में आरक्षक की मौत

तेंदूखेड़ा। नगर से लगभग 7 किलोमीटर दूर जबलपुर मार्ग पर शाम 7 बजे दो मोटरसाइकिलों की आमने सामने भिड़त हो गई जिसमें नगर के पुलिस थाना में पदस्थ आरक्षक भूपेंद्र पिता मुकुंद सिंह लोधी 38 गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हे जबलपुर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। इसके अलावा दूसरी मोटरसाइकिल का चालक जिसका नाम पता नहीं चला हैं वह भी घायल हो गया। घटना के दौरान मौजूद अरंहत सिंघई ने बताया कि हम लोग माता जी का विहार कराने जा रहे थे उसी समय सामने घटना हुई। तुरंत ही सडक मार्ग से निकल रहे बाइक सवार एवं कार सवार को रोककर तुरंत ही नगर के स्वास्थ्य केंद्र घायलों को लेकर पहुंचे जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद भूपेंद्र एवं अज्ञात व्यक्ति को जबलपुर मेडीकल कालेज रिफर किया गया।

## खजुराहो में केंद्रीय विद्यालय के प्राचायों का 3 दिवसीय सम्मेलन



**छतरपुर।** संसार में मानव अपने जीवन का लगभग एक तिहाई भाग पठन-पाठन में लगा रहा है, पर इसके बावजूद उसके अमानवीय व्यवहार से समाज भयभीत है, जो जितना अधिक पढ़ा लिखा है उससे उतना अधिक भय क्यों है ? खजुराहो में केंद्रीय विद्यालय के प्राचायों के साथ आनंद की अवधारणा पर संवाद करते हुए राज्य आनंद संस्थान की ओर से संभागीय समन्वयक लखनलाल असाटी ने कहा कि शिक्षा का मूल मकसद तो मानव में निश्चित मानवीय आचरण स्थापित करना है, मूल्य शिक्षा के अभाव में सही समझ नहीं बन पा रही है, जिस कारण सुविधा को जीवन का लक्ष्य मान लिया है,

केंद्रीय विद्यालय संगठन के सहायक आयुक्त हीरालाल ने सत्र का शुभारंभ किया उपयुक्त दिगराज मीणा ने आनंद विभाग के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की, इस अवसर पर सहायक आयुक्त श्रीमती किरण शर्मा, मास्टर ट्रेनर श्रीमती आशा असाटी,केंद्रीय विद्यालय छतरपुर के प्राचार्य मनीष रूसिया, व्यवस्थाओं में सहयोगी राजेश जैन सहित प्रदेश के 45 से अधिक प्राचार्य उपस्थित थे। मास्टर ट्रेनर लखन लाल असाटी ने कहा कि नंबर एक बनने की होड़ में हमने शिक्षा संस्कार को बड़े पद और बड़े पैकेज तक सीमित कर दिया है, परिणाम स्वरुप संबंधों का निर्वाह शून्य हो गया है।

### सर्वाइवल ऑफ फिटेस्ट की थ्योरी ही गलत

लखन लाल असाटी ने कहा कि सर्वाइवल ऑफ फिटेस्ट थ्योरी के तहत हमें पढ़ाया जा रहा है कि संसार में ताकतवर ही जिंदा रह सकता है, यह मान्यता पशुओं तक तो ठीक है पर मानव को देखने जाएंगे तब सब कुछ बिल्कुल बदलने जैसा है, उन्होंने उदाहरण देकर कहा कि यदि रोटी एक ही है और भूखे ताकतवर और कमजोर दो लोग हैं तब रोटी ताकतवर को ही मिलनी चाहिए, अब यदि ताकतवर मां है और कमजोर छोटा बेटा है तो पहले रोटी किसे मिलेगी, यही स्थिति उलट कर देखते हैं कि कमजोरी बूढ़ी मां है और ताकतवर बेटा है तब रोटी पहले किसे मिलेगी, मसाला ताकत का नहीं संबंधों का है, जब हम संबंधों को नहीं देख पाते हैं तो हमारे भाव भी ठीक नहीं होते हैं और यही अन्याय है, सुविधा की और संबंधों की ठीक-ठाक पहचान होने के लिए समझ का होना जरूरी है और इसकी जिम्मेदारी शिक्षक की है शिक्षक किसी विशेषज्ञता के लिए नहीं अपितु छात्र के सर्वांगीण विकास के लिए है।



## दबंगों का विरोध करना युवक को पड़ा भारी

### दबंगों की मारपीट से पांच लोग घायल

**छतरपुर।** सटई थाना क्षेत्र के एक गांव में सरकारी तलैया से अवैध रूप से मिट्टी खोदकर बेचने का विरोध करना एक परिवार को भारी पड़ गया। गांव के कुछ दबंगों ने मिट्टी खनन को रोकने की कोशिश करने वाले बुजुर्ग और उनके परिजनों पर लाठी-डंडों व कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिसमें पांच लोग घायल हो गए। बचाव में आए अन्य ग्रामीणों के साथ भी मारपीट की गई।

घटना सटई थाना क्षेत्र के ग्राम बछरोनिया की है, जहां दीब्बी यादव (65 वर्ष) ने सरकारी तलैया से अवैध मिट्टी खनन का विरोध किया। दीब्बी ने बताया कि तलैया में पहले उनके नाती की डूबने से मौत हो चुकी थी, इसलिए उन्होंने गहरीकरण और मिट्टी बेचने का विरोध किया। इससे नाराज रामनाथ यादव, गोकुल, रामदीन, दशरथ, राहुल और अंकु ने दीब्बी के साथ मारपीट शुरू कर दी। बचाने आए श्यामलाल यादव, प्रेमलाल, रजनी और माया पर भी हमला किया गया। श्यामलाल यादव ने कहा, हमने सिर्फ अवैध खनन को रोकने की कोशिश की, लेकिन दबंगों ने बिना वजह हमला कर दिया। दोनों पक्षों में विवाद के बाद सटई थाना पुलिस ने पड़रिया चौकी में दोनों पक्षों के खिलाफ मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं दीब्बी ने आरोप लगाया कि हमला दबंगों ने किया, लेकिन पुलिस ने दोनों पक्षों पर कार्रवाई की।

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने गुमशुदा बालिका को किया बरामद




**छतरपुर।** जिले में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत गुमशुदा बच्चों की तलाश कर उन्हें सुरक्षित उनके परिजनों तक पहुंचाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना गढ़ीमलहरा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक गुमशुदा नाबालिग बालिका को मात्र 12 घंटे में तलाश कर दस्तयाब किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना गढ़ीमलहरा क्षेत्र से एक नाबालिग बालिका के अचानक घर से लापता होने की सूचना पर पुलिस द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर तलाश शुरू की गई थी। तत्परता से कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मात्र 12 घंटे के भीतर बालिका को सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों को सौंप दिया। इस सराहनीय कार्यवाही में थाना गढ़ीमलहरा प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह, प्रधान आरक्षक जनक सिंह परिहार, महिला आरक्षक राधा पटेल व नेहा, तथा साइबर सेल से धर्मराज की विशेष भूमिका रही। छतरपुर पुलिस द्वारा मुस्कान अभियान के तहत जिलेभर में गुमशुदा और अपहृत बालकों की सतत खोजबीन की जा रही है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, वर्ष 2025 में अब तक 238 से अधिक गुमशुदा बालक-बालिकाओं को दस्तयाब किया जा चुका है। वहीं, जून माह के प्रथम 15 दिनों में 11 बालक-बालिकाएं खोज निकाले गए हैं।

## साइकिल सवार दंपति को अज्ञात ट्रक ने मारी टक्कर, दोनों घायल



छतरपुर।

छतरपुर के गठेवरा के पास सोमवार सुबह एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने साइकिल पर जा रहे दंपति को टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।प्राप्त जानकारी के मुताबिक घायल दंपति अर्जुन बरार (55 वर्ष) और उनकी पत्नी बती बरार (50 वर्ष), निवासी सरानी, विकलांग हॉस्पिटल में मजदूरी का काम करते हैं। सोमवार सुबह अर्जुन अपनी पत्नी को साइकिल पर बिठाकर जा रहे थे, तभी गठेवरा के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों सड़क पर गिरकर बेहोश हो गए। पीछे से आ रहे कैलाश बरार ने बताया, मैंने देखा तो दोनों बेहोश पड़े थे, खून बह रहा था। तुरंत लोगों को बुलाया और मदद मांगी। स्थानीय निवासी मुन्ना ने कहा, हमने 108 एंबुलेंस को कॉल किया और दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। जिला अस्पताल में दोनों का इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, अर्जुन और बती को सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं।



## पुलिस ने हत्या के प्रयास के चौथे इनामी आरोपी को किया गिरफ्तार

छतरपुर।

थाना गौरिहार अंतर्गत ग्राम गहबरा में दिसंबर 2024 में हुए सनसनीखेज हत्या के प्रयास मामले में गौरिहार पुलिस ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने सोमवार सुबह सात हजार रुपए के इनामी चौथे आरोपी छुटकू उर्फ अवनेंद्र तिवारी पिता रमेश उर्फ चुन्नू तिवारी, निवासी चुरियारी को उसके गांव से दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। मामले में फरियादी संजय तिवारी पर जानलेवा हमला कर बंदूक से फायर कर गंभीर चोट पहुंचाई गई थी। मेडिकल रिपोर्ट, पीड़ित के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर थाना गौरिहार में आरोपियों के विरुद्ध हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया था।

इससे पहले तीन आरोपी पंकज शुक्ला, रोहित शुक्ला दोनों निवासी गहबरा, बद्दा उर्फ राम सजीवन माली निवासी चुरियारी को क्रमशः घटना के तीन दिन बाद व मार्च माह में गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए इनाम घोषित किया था। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी छुटकू उर्फ अवनेंद्र तिवारी एक आदतन अपराधी है और उस पर हत्या के प्रयास, अवैध हथियार रखने, चोरी, मारपीट जैसे कई मामले दर्ज हैं। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी संदीप दीक्षित, सहायक उप निरीक्षक राजकुमार शुक्ला, जीवनलाल प्रजापति, आरक्षक अमित शर्मा, महेंद्र सचान, कमलेश लोधी और दीपक चौरसिया की अहम भूमिका रही।

## मकान निर्माण के दौरान हुआ हादसा, मजदूर के दोनों पैर टूटे



छतरपुर।

उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में मकान निर्माण के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। मजदूर बलराम अहिरवार (32 वर्ष) के दोनों पैर टूट गए, और उसे प्राथमिक उपचार के बाद छतरपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना महोबा में धर्मेंद्र महाराज के मकान में हुई, जहां बलराम मलबा निकालने का काम कर रहा था। उसने बताया, सुबह मकान का काम लगा हुआ था। मैं मलमा निकाल रहा था, तभी अचानक दीवार मेरे पैरों पर गिर गई। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने उसे तुरंत उठाया और महोबा के उप स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए छतरपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। छतरपुर जिला अस्पताल में बलराम का इलाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार, उसके दोनों पैरों में फ्रैक्चर है, और स्थिति स्थिर लेकिन गंभीर बनी हुई है।

## खबर संक्षेप

### घर से भागा किशोर, पुलिस ने किया दस्तयाब

रीवा। जिले के सिरमौर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है जहां क्रिकेट के जुनून में एक 14 वर्षीय किशोर अपने घर से बिना बताए भोपाल भाग गया, लेकिन सिरमौर पुलिस ने 24 घंटे के भीतर उसे ढूंढ निकाला। मिली जानकारी अनुसार सिरमौर थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाला एक 14 वर्षीय किशोर, क्रिकेट खेलने के अपने जुनून में इतना डूब गया कि उसने बिना किसी को बताए घर छोड़ दिया। किशोर सिरमौर से बस में बैठकर रीवा पहुंचा, और वहां से ट्रेन पकड़कर सीधे भोपाल स्थित एक क्रिकेट अकादमी जा पहुंचा। जब घरवालों को बच्चा घर में नहीं मिला, तो उन्होंने हर जगह तलाश की। कोई पता न चलने पर, थक-हारकर परिजनों ने सिरमौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना प्रभारी निरीक्षक जे.पी. पटेल ने तत्काल टीम गठित कर बालक की तलाश शुरू की। पुलिस को जांच के दौरान पता चला कि किशोर के मन में क्रिकेट का गहरा जुनून था और वह क्रिकेट अकादमी के लिए भोपाल गया है। पुलिस ने परिजनों के सहयोग से किशोर को सकुशल भोपाल से वापस सिरमौर ले आई। पूछताछ में किशोर ने बताया कि उसे क्रिकेट खेलने और देखने का बहुत शौक है, और घरवाले उसे घर से बाहर जाने नहीं देते थे, इसीलिए वह बिना बताए भोपाल चला गया था। पूछताछ के बाद, किशोर को सकुशल उसके परिजनों को सौंप दिया गया।

### सुरक्षा कर्मी से करवाया गया टेक्नीशियन का काम, हादसे में कट गई अंगुलिया, हालत गंभीर

रीवा। जिले के 184 गांव में जलापूर्ति करने वाली केंद्र सरकार की नल जल योजना के फिल्टर प्लांट पहड़िया में काम करने के दौरान एक हादसे में सुरक्षाकर्मी की उंगलिया कट गई, एजेंसी संचालक ने पुलिस को सूचना दिए बिना घायल श्रमिक को एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है, घायल श्रमिक अनुराग तिवारी पिता स्व राकेस तिवारी उम्र 20 वर्ष ने बताया कि वह ग्राम पुरास थाना गुढ़ का निवासी है और 2023 से फिल्टर प्लांट में हेल्पर के रूप में कार्यरत है एजेंसी संचालक रणवीर सिंह ने उसे जबरन वेस्ट वाटर व्हील का टायर बदलने के लिए भेजा टायर बदलते समय एक सहयोगी ने अचानक मोटर चालू कर दी जिससे उसकी उंगलियां कट गई जबकि यह काम सुरक्षाकर्मी नहीं था, वही ना ही मुझे कभी सिखाया गया था लेकिन जबरन मजबूर किया गया जिससे मैं हादसे का शिकार हो गया। पीड़ित अनुराग तिवारी का आरोप है की एजेंसी संचालक कर्मचारी से दुर्व्यवहार करते हैं और प्लांट में कोई सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं है उसे 8000 प्रतिमाह नगद भुगतान किया जाता है जबकि कलेक्टर दर से अकुशल श्रमिक को 368.5 प्रतिदिन मिलना चाहिए। वही इस पूरे प्रकरण में जलापूर्ति निगम के अधिकारी चित्रांशु से बात की गई तो उनके द्वारा कहा गया कि मामला संज्ञान में आया है एजेंसी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा जाएगा नियमों के विपरीत कार्य पाए जाने पर फार्म पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### जारी किया कारण बताओ नोटिस

रीवा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने तहसीलदार हुजूर शिवशंकर शुक्ला तथा नायब तहसीलदार गोविंदगढ़ तहसील हुजूर मनोज शुक्ला को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह नोटिस लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अन्तर्गत अधिसूचित सेवाओं के निराकरण में कोई रूचि न लेने पर जारी किया गया है। अधिकारियों का यह कृत्य मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 में निहित प्रावधानों के विपरीत है तथा कदाचार की श्रेणी में आता है। नोटिस का तीन दिवस के भीतर समक्ष में उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं। निर्धारित समय में जवाब प्रस्तुत न करने पर लोक सेवा गारंटी अधिनियम में वर्णित प्रावधानों के अनुसार अर्थदण्ड अधिरोपित करते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। जारी नोटिस के अनुसार सेवा क्रमांक 4.10 (ए) तहसील स्तरीय रिकार्ड रूम के नकल के आवेदन लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से निर्धारित समयावधि में आनलाइन दर्ज कर तहसील कार्यालय में प्रेषित किये जाते हैं। लेकिन जांच में पाया गया कि निर्धारित समयावधि में रिकार्ड की नकल लोक सेवा केन्द्रों को प्राप्त नहीं हो रही है। इसके कारण लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत अधिसूचित सेवाओं का लाभ आमजनता को नहीं मिल पा रहा है। तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार द्वारा बिना किसी स्पष्ट कारण के आवेदन पत्रों को खारिज कर दिया जाता है। नकल न मिलने के कारण सीएम हेल्पलाइन और जनसुनवाई में भी लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। अधिकारियों का यह कृत्य लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता का द्योतक है। जिसके कारण तहसीलदार हुजूर और नायब तहसीलदार गोविंदगढ़ तहसील हुजूर को नोटिस जारी किया गया है।

# सीवरेज ट्रीटमेंट प्रोजेक्ट घटिया वर्क के चलते सड़कों की बिगड़ी हालत

# हल्की बारिश में विंध्य विहार कॉलोनी में घरों में कैद हुए लोग

### रेस्टोरेशन में कंपनी ने लापरवाही की हदें पार

हरिभूमि न्यूज, रीवा।





नगर निगम क्षेत्र में शहर के लिए फजीहत सबब बन चुके सीवरेज ट्रीटमेंट प्रोजेक्ट का ठेका कंपनी सहज कंस्ट्रक्शन द्वारा कार्य में लापरवाही की हद पर दी गई। पाइपलाईन डालने के बाद घटिया तरीके से फिलिंग वर्क और सीआरएम का कार्य किया, जिससे शहर के मोहल्लों की सड़कें दो हिस्सों में बट गई हैं। कंपनी ने एक-दो नहीं दर्जनों वाडों में इसी तरह का काम किया है। इससे मोहल्ले में रहने वालों को आने-जाने में परेशानी झेलनी पड़ रही है। यही नहीं कई घरों की पानी सप्लाई पर भी इसका असर पड़ा है, सीवर लाइन के लिए खुदी पड़ी सड़कों ने न केवल शहर की सूरत बिगाड़कर रख दी है, बल्कि आए दिन राहगीर उबड़-खाबड़ रास्तों से गिरकर घायल हो रहे हैं। फिर भी लाइन डालने के बाद खोदी गईं, सड़कों को दुरूस्त कराने के नाम पर महज खानापूर्ति की जा रही है। वही सोमवार को हुई बारिश ने सड़को की और भी हालत खराब कर दी, जिसके कारण लोगों घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया। बता दे शहर के विंध्य बिहार कॉलोनी में कंपनी द्वारा को दी गई सड़क पानी गिरने के कारण दलदल में तब्दील हो गई जिसके कारण लोग अपने घरों में कैद हो गए। सीवर लाइन बनाने वाली सहज कंस्ट्रक्शन कंपनी ने कालोनी के रोड की ये हालत कर दी है की रोड से दो व चार पहिया वाहन निकलना बड़ी मुस्किल काम हो गया है ठेकेदार ने पहले सीवर लाइन की पाइप लाइन डालने के लिए सीमेंट सड़क को खोदा गया था। बताया गया कि सड़कों की मरम्मत का कार्य पूरा नहीं हो पाया है। वही चैंबर बनाने के लिए दोबारा सड़क को बीच में से खोद दिया गया। चैंबर बनाने के बाद मलबे को अभी तक नहीं हटाया है। सीवर लाइन बनाने वाले ठेकेदार ने सीवर लाइन की पाइप तो डाल दी पर अच्छी खासी रोड के चिथड़े उड़ा दिए। इसके बाद ठेकेदार ने मिट्टी डालकर नगर निगम में कार्य को पूर्ण दिखाकर रफू चक्कर हो गया। अब हल्की बारिश होने से कॉलोनी के निवासियों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारी अपने आंख में पट्टी बांधकर अपने कार्यालय में एसी की हवा खाते हुए आराम फरमा रहे हैं।वही जनता इन गैर जिम्मेदार ठेकेदारों से त्रस्त हो चुकी है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सीवर लाइन की खुदाई करने वाली कंपनी सहज कंस्ट्रक्शन कंपनी के गुणवत्ता विहीन कार्यों से परेशान होकर हम लोगों ने कई बार नगर निगम के छोटे स्तर के अधिकारियों से लेकर बड़े स्तर के अधिकारियों तक शिकायत किया लेकिन उसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है बरसात चालू हो गई है सोमवार को हुई पहली बारिश में ये हाल रहा कि लोग अपने ही घर मे कैद हो गए आए क्या होगा। बॉक्स मिट्टी ऊपर नीचे हो जाने से सड़क की बिगड़ी हालत शहर में जिन सड़कों का सीआरएम किया गया है, उनकी हालत और खराब है। कहीं मिट्टी धंस गई है, कहीं ऊपर हीं ऊपर हो गई है। सहज कंस्ट्रक्शन कंपनी ने सीवरेज पाइपलाईन डाल दिया और उसके ऊपर मिट्टी भर कर छोड़ दिया। जिसमें बाद में मिट्टी धंस गई और सड़क के बीचों-बीच चौड़ी नाली जैसी हो गई। काई सडक्रों में गिट्टी डालकर सीआरएम भी किया गया, लेकिन उसके ऊपर कंक्रीट नहीं बिछाई गई। वाहनों के निकलने से गिट्टी भी दब चुकी है और सड़क दो भागों में बंट गई। बता दे कंपनी ने पूरा सीआरएम वर्क ही अनाड़ी जैसा किया है। सबसे ज्यादा दिक्कतें बाइक या अन्य दोपहिया वाहन से चलने वालों को हो रही शहर की रिहायशी कॉलोनी विहार कॉलोनी में सड़कों को तहस-नहस कर दिया गया है। सोमवार को हुई बारिश में लगभग कई घंटे तक लोग अपने घरों में फंसे रहे। यही हाल शहर के बरा समान, शारदापुरम, ललपा तालाब, विवेकानंद नगर, उर्रहट आजाद नगर आदि में कंपनी ने फिलिंग और सीआरएम वर्क बहुत घटिया तरीके से किया है।

## रिश्ते में सगा चाचा निकला जालसाज, फर्जी दस्तावेज बनाकर पुश्तैनी जमीन बिक्री का आरोप

### सामान थाना क्षेत्र अंतर्गत गुलाब नगर की घटना, धोखाधड़ी का मामला दर्ज होते ही हुआ फरार, पुलिस कर रही तलाश

रीवा। शहर के सामान थाना क्षेत्र अंतर्गत गुलाब नगर क्षेत्र से एक ऐसा ज़मीन घोटाला उजागर हुआ है, जो रिश्तो को तार-तार कर देने वाला है, बता दे परिवार की आड़ में, रिश्तों की चादर ओढ़कर, एक शासकीय शिक्षक द्वारा ऐसा जाल बुना गया जिसमें अपने ही सगे भाइयों की करोड़ों की जमीनें छलपूर्वक बेच दी गईं। फरियादी प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपी कोई और नहीं बल्कि उन्हीं का तीसरा चाचा बृजेश मिश्रा उर्फ 'विंग्गू मास्टर' है, जो खुद एक सरकारी शिक्षक रहा है और बी.एल.ओ. के पद पर रहते हुए उसने अपने रसूख और पद का इस कदर दुरुपयोग किया कि पूरे परिवार को वर्षों तक इसकी भनक तक नहीं लगी। पूरे मामले की जानकारी लगते ही जमीन के अन्य हिस्सेदारों ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है, पुलिस ने प्रथम दृष्टया मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिक्षक बृजेश मिश्रा द्वारा रचित धांधली, हेराफेरी व कूट रचित दस्तावेज तैयार करने में कई पटवारियों व तहसीलदारों की मिली भगत है। पुलिस को विवेचना में और बहुत सारे राज खुल सकते हैं। मिली जानकारी अनुसार गुलाब नगर निवासी बृजेश मिश्रा (विंग्गू) ने अपने भाइयों के नाम दर्ज पुश्तैनी ज़मीन को फर्जी बंटवारों के माध्यम से, फर्जी दस्तावेज बनवाकर, गैर-परिवारिक लोगों के नाम पर दर्ज करवा कर खण्ड-खण्ड में करोड़ों रुपए में बेच डाला। बता दे समान स्थित खसरा नंबर 519 की 32 एकड़ ज़मीन, जो महावीर प्रसाद मिश्रा के नाम पर दर्ज थी। उन्होंने अपने जीवनकाल में अपने 6 पुत्रों को 4-4 एकड़ ज़मीन सौंप दी थी और शेष 8 एकड़ अपने पास रखी थी। सबसे बड़ा बेटा राकेश, फिर सुरेश, बृजेश उर्फ विंग्गू और फिर बृजेन्द्र, मुकेश और विनीत मिश्रा के बीच यह ज़मीन वर्षों से दर्ज थी, लेकिन इनका तीसरा बेटा बृजेश मिश्रा जो पेशे से शिक्षक और मतदाता सूची संयोजक भी रहा है जिसने अपने ही परिवार का भरोसा जीतकर इस भरोसे का उसने ऐसा नाजायज़ फायदा उठाया कि पूरे परिवार की ज़मीन हाथ से निकल गई। आरोप है कि बृजेश मिश्रा सरकारी शिक्षक होते हुए भी शहर की वेशकीमती जमीनों की हेराफेरी, फर्जी दस्तावेज तैयार कर (असली जैसे पेश कर) करोड़ो रुपये की कमाई कर रहा था इस गोरखधंधे में उसको अपने विभाग का पूरा सहयोग था स्कूल कभी नहीं जाता था, फिर भी स्कूल के रजिस्टर में पूरी तरह प्रजेन्ट दिखाया जाता था जबकि बृजेश मिश्रा लगातार न्यायालय व कलेक्ट्रेट में ही रहता था व विभाग से पूरी तनख्वाह लेकर शासन को भी चूना लगा रहा है। आरोप है शिक्षक बृजेश की प्रताड़ना व षड़यंत्र से चार भाईयों की मौत हो चुकी है। जिसके बाद उनकी विधवाओं ने बृजेश के षड़यंत्र की शिकायते सभी बड़े अधिकारी कलेक्टर, कमिश्नर, आई.जी., डी.आई. रीवा पुलिस अधीक्षक से लम्बे अरसे से करती रहीं मगर बृजेश अपने धनवल के कारण सभी शिकायते दबवा देता था जिससे कभी इसके ऊपर एफ.आई.आर. दर्ज नहीं हो पाती थी। अंततः एस.टी.एफ. पुलिस को भी शिकायत भेजी गई थी ताकि बृजेश के गिरोह पर कार्यवाही हो सके। एस.टी.एफ. मुख्यालय की जांच में भी पाया गया कि अपराध किया गया है लेकिन संगठित अपराध



नहीं माना और उसने पुलिस अधीक्षक रीवा को अपराध दर्ज करने के लिए भेज दिया गया जिसके आधार पर बृजेश मिश्रा उसके साढ़ूद्वय बृज किशोर व शैलेश उपाध्याय व साली शिवानी पर आई. पी.सी.की धारा 420, 467, 468, 471 व 120वी के तहत समान थाना में अपराध पंजीबद्ध हुआ है।बॉक्स काल्पनिक 'शम्भू प्रसाद' बना भूमिस्वामीराकेश मिश्रा के हिस्से की 4 एकड़ भूमि में से 1 एकड़ को बृजेश मिश्रा ने फर्जी व्यक्ति 'शम्भू प्रसाद' के नाम दर्ज करवा दिया। इस फर्जी नाम का सहारा लेकर बृजेश ने तथाकथित अपने साढ़ू बृजकिशोर शुक्ला और शैलेश उपाध्याय को रजिस्ट्री में खड़ा कर कई लोगों को प्लॉट बेच डाले। जिसमे रजिस्ट्री क्रमांक 723 (18.05.2001) – खरीदारः आमा पुत्री लोकनाथ शर्मा, रजिस्ट्री क्रमांक 3332 (24.09.2004) – खरीदारः राजकुमार तिवारी,दोनों रजिस्ट्रियों में गवाह के रूप में मौजूद थे बृजेश मिश्रा खुद।बॉक्स आरोपी ने अपनी ही साली को बना दिया फ़र्जी वारिसबृजेन्द्र मिश्रा की पत्नी उमा मिश्रा के हिस्से की ज़मीन खसरा 519/4 की 1 एकड़ भूमि फर्जी नाम 'शुभांगी शुक्ला' के नाम दर्ज कराई गई, जबकि वह कोई और नहीं बल्कि आरोपी की साली शिवानी पांडेय थी। मतदाता सूची में शुभांगी पत्नी रामकिशोर और शिवानी पिता शिवप्रसाद दोनों के नाम एक ही पते पर जोड़ दिए गए। जिसमे रजिस्ट्री क्रमांक 3377, 3378, 5284 – जिनमें विक्रेता के रूप में शुभांगी दर्शाई गई,आरोप है कि दस्तावेजों में मिसमैच और धोखाधड़ी साफ नजर आती है।बॉक्स जमीन हथियाने काल्पनिक व्यक्ति का बना फ़र्जी मृत्यु प्रमाण पत्रऊषा मिश्रा के पति सुरेश मिश्रा के हिस्से की 4 एकड़ ज़मीन (खसरा 519/7) में से 1 एकड़, को बृजेश मिश्रा ने तथाकथित फर्जी पुत्र बृजकिशोर के नाम दर्ज कराया। आरोप है कि यह बेटा कभी पैदा ही नहीं हुआ, लेकिन नायब तहसीलदार, राजस्व कर्मचारियों और नगर निगम कर्मियों की मदद से ना केवल उसका नाम दर्ज कराया गया बल्कि बाद में मृत्यु प्रमाण पत्र भी बनवा लिया गया – ताकि सबूत मिटाए जा सकें।बॉक्स शिक्षक की जगह अपराधी बन गया 'विंग्गू'बृजेश मिश्रा उर्फ विंग्गू पर लगे आरोप गंभीर हैं। वह मतदाता सूची में नाम जोड़ने-घटाने का कार्य करता था, और इसी पद का इस्तेमाल कर उसने वोटर लिस्ट में मनचाहे नाम और रिश्ते गढ़े। अपने घर में रह रही साली शिवानी को अलग-अलग नामों से दाखिल किया। मकान नं. 745 शुभांगी पत्नी रामकिशोर शुक्ला,मकान नं. 745/15 शिवानी पिता शिवप्रसाद पांडे,जबकि रजिस्ट्री में उसे शुभांगी मिश्रा पुत्री रामकिशोर मिश्रा बताया गया। एक ही महिला को तीन अलग-अलग पहचान दी गईं ताकि जमीन को हथियाने का रास्ता साफ किया जा सके।बॉक्सकुल मिलाकर क्या हुआ ?कुल 32 एकड़ में से करीब 3 एकड़ ज़मीन फर्जी नामों पर दर्ज कर बेच दी गई।14 से ज्यादा रजिस्ट्रियाँ एक ही खसरा पर, अलग-अलग विक्रेताओं के नाम से,कई करोड़ों रुपये का घोटाला, जिसका पैसा असली मालिकों को नहीं मिला।

#### इनका कहना है

एफआईआर दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी गई है। धारा 420, 467, 468, 471, 120बी के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध किया है। आरोपी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है। प्रारंभिक जांच में फर्जी दस्तावेजों में हेराफेरी और बंटवारे में धोखाधड़ी की जानकारी हुई है। मामले की जांच की जा रही है जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

**विकास कपीस थाना प्रभारी समान रीवा।**



## काम्बिंग गश्त के दौरान एक रात में 197 वारंटी व 76 स्थायी वारंटी इनामी बदमाश गिरफ्तार

रीवा।

जिले में अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए शनिवार रात पुलिस ने कॉम्बिंग गश्त का विशेष अभियान चलाया। इसमें बड़ी संख्या में वारंटियों और एक इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया गया।आईजी ने फरार आरोपियों, वारंटियों के साथ-साथ गुंडा और निगरानी बदमाशों को भी पकड़ने के निर्देश दिए थे। रीवा में एसपी विवेक सिंह ने सभी थानों को अतिरिक्त बल प्रदान कर टीमें गठित की। पुलिस टीमों ने पूरी रात अपराधियो के घरों और ठिकानों पर दबिश दी, जिससे हड़कंप मच गया। अभियान के तहत, विभिन्न मामलों में फरार चल रहे 273 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें 76 स्थायी वारंटी शामिल थे। रायपुर कर्चुलियान पुलिस ने ने पांच साल से फरार चल रहे इनामी आरोपी अम्बरीश सिंह उर्फ बिज्जू (पिता विश्वनाथ प्रताप सिंह, 25 वर्ष, निवासी बेलवा पैकान, थाना मनगवां) को भी धर दबोचा। देर रात पुलिस ने गुंडा और निगरानी बदमाशों की भी जांच की। करीब 46 गुंडा और 43 निगरानी बदमाशों की मौजूदा गतिविधियों और आय के स्त्रोतों के संबंध में जानकारी ली गई। उन्हें अपराध से दूर रहने की सख्त हिदायत भी दी गई। जिले भर से पकड़े गए सभी आरोपियों को रविवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां गंभीर मामलों के वारंटियों को न्यायालय ने जेल भेज दिया।

## बारिश व तेज आंधी-तूफान में क्षतिग्रस्त हो गई

### राइस मिल, कई पेड़ गिरे, बिजली के पोल भी टूटे



रीवा।

जिले के गुढ़ क्षेत्र में शनिवार रात अचानक मौसम के बदले मिजाज ने भारी तबाही मचाई। लगभग 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली तेज हवाओं और आंधी-तूफान से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। इस दौरान कई पेड़ उखड़ गए बिजली के खंभे टूट गए और पूरे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। सबसे बड़ा नुकसान सुभद्रा यो राइस मिल गेरुई को हुआ, जो पूरी तरह से धराशायी हो गया। तूफान इतना भीषण था कि राइस मिल के छज्जे करीब एक किलोमीटर दूर तक उड़ते देखे गए। मिल की सभी मशीनरी नष्ट हो गई और लाखों रुपये का चावल भी बर्बाद हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि तूफान के बाद राइस मिल के पास का मंजर ऐसा था कि वहां से गुजरना मुश्किल था। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस पूरी घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। मिल संचालक और उनकी टीम ने तुरंत स्थिति को संभाला और प्रशासन के सहयोग से राहत कार्य शुरू कर दिए, जिससे बड़ी जनहानि टल गई।बॉक्स आकाशीय बिजली से किशोर की मौतजिले के रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र अंतर्गत पहड़िया गांव में आकाशीय बिजली गिरने से साहिल कुशवाहा पिता श्यामलाल 17 वर्ष की मौत हो गई। बताया गया है कि बीती शाम वह बकरियों को लेने खेत की ओर गया था, इसी दौरान बारिश शुरू हो गई। वह खजूर के पेड़ के नीचे खड़ा हो गया। इसी बीच वहां आकाशीय बिजली गिरी और वह चपेट में आ गया। बताते हैं कि उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन जान नहीं बच पाई। रविवार को मृतक का पोस्टमार्टम संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय में कराया गया।

## सर्पदंश से घबराएं नहीं, एक घंटे के भीतर एंटीवेनम इंजेक्शन लगवाएं, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने दी सर्पदंश से बचाव एवं उपचार की सलाह

रीवा।







वर्तमान में बारिश होने के साथ वातावरण में लगातार तापमान अधिक रहता है। साँप तथा अन्य जीव-जंतुओं के छिपने के स्थानों में पानी भर जाने के कारण उनका सतह पर विचरण शुरू हो जाता है। इसलिए बारिश में साँप एवं अन्य जहरीले जंतुओं के काटने की घटनाएं होती हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने आमजनता को सर्पदंश से बचाव तथा उपचार की सलाह दी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा है कि विन्ध्य क्षेत्र में प्रमुख रूप से तीन जहरीले सांपों, करैत, रसेल वाइपर तथा कोबरा के काटने के कारण मौत की घटनाएं होती हैं। साँप काटने के बाद एक घण्टे की अवधि में सही उपचार होने पर पीड़ति की जान आसानी से बचाई जा सकती है। साँप काटने के तत्काल बाद निकट के अस्पताल जाकर एक घण्टे के भीतर एंटीवेनम इंजेक्शन लगवाएं। यह इंजेक्शन रीवा जिले के सभी विकासखण्डों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं जिला अस्पताल में उपलब्ध है। समय पर इंजेक्शन लगने पर जान का खतरा समाप्त हो जाता है। डॉ शुक्ला ने कहा है कि साँप काटने के स्थान पर तीखी जलन होती है। पीड़ति को अवसाद, उल्टी आना, लकवा तथा आँख की पुतलियों के फैल जाने के लक्षण दिखाई देते हैं। विष का प्रकोप होने के बाद पीड़ति में माँसपेसियों में ऐंठन और चेतनाहीनता हो जाती है। इसके बाद साँस रूकने से मौत हो जाती है। विष का सर्वाधिक असर तंत्रिका तंत्र और साँस लेने में होता है। कई बार साँप के काटने के स्थान पर सूजन आ जाती है तथा काटा हुआ स्थान काला पड़ जाता है। साँप काटने के बाद हाथ पैरों में झनझनाहट, चक्कर आना, पसीना छूटना, दम घुटना जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। सर्पदंश के बाद तत्काल अस्पताल जाकर पीड़ति का उपचार कराएं। झोलाछाप डाक्टरों तथा झाड़फूक करने वालों के चक्कर में पड़कर समय न गवाएं। सर्पदंश से पीड़ति के काटने के स्थान से थोड़ा ऊपर हल्की पट्टी बांधे। काटने के स्थान पर चीरा भी न लगाएं इससे संक्रमण का खतरा रहता है। डॉ शुक्ला ने कहा है कि सर्पदंश तथा अन्य जहरीले कीड़ों के काटने से बचने के लिए कुएं, अंधेरे गड्ढे, झाड़ियों आदि में हाथ न डालें। घर से बाहर निकलते समय जूते अवश्य पहनें। ठंडे, अंधेरे और नम स्थानों में साँप छिपते हैं, ऐसे स्थानों में जाने से बचें। सावधानी ही सबसे बड़ी सुरक्षा है।

## नाबालिग लड़की की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने कथित प्रेमी को गिरफ्तार किया



मऊगंज। थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश पटेल के टीम द्वारा थाना मऊगंज के अपराध मे नाबालिक लडकी के द्वारा किये गये आत्महत्या के मामले मे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया। थाना प्रभारी ने बताया कि दिनांक 4/06/25 को फरियादिया गीता चौरसिया पति राजेश चौरसिया उम्र 42 वर्ष निवासी वार्ड 5 थाना मऊगंज जिला मऊगंज (म.प्र.) ने इस आशय की रिपोर्ट करायी थी कि उसकी नाबालिक लडकी घर से बिना बताये कही चली गई जिसकी रिपोर्ट पर थाना मऊगंज मे अपराध क्रमांक 417/25 धारा 137(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, विवेचना दौरान अपृहिता की पता तलाश की गयी जो दिनांक 08.06.2025 को बहुती प्रताप (कूड़ा) मे एक अज्ञात लडकी का शव मिला जिसकी पहचान मृतिका के हाथ मे बने टैटू एवं कपडे से फरियादिया के नाबालिक लडकी के रुप में हुई। जिस पर थाना नईगढी मे मर्ग कायम कर पंचनामा कार्यवाही की जाकर शव का पोस्टमार्टम कराया गया। प्रकरण मे मृतिका के सीडीआर एवं विवेचना मे आये हुए तथ्यों के आधार पर मृतिका के कथित प्रेमी कुलदीप जायसवाल को अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ की गयी तो कुलदीप जायसवाल के द्वारा मृतिका को बहला फुसला कर शादी का झांसा देकर गलत काम (बलात्कार) करना, मृतिका के द्वारा शादी का दबाव बनाने पर घर से बुरहानपुर भाग जाना तथा मृतिका का फोन रिसीव न करने से मृतिका नाराज होकर बहुती प्रताप (कूडा) मे आत्महत्या कर ली तथा आरोपी कुलदीप जायसवाल के मोबाईल मे मृतिका के अश्लील वीडियो फोटो मिलने पर आरोपी का मोबाईल जप्त किया गया तथा प्रकरण में धारा 108,66 बीएनएस 5/6 पाक्सो एक्ट का इजाफा किया जाकर दिनांक 14.06.2025 को आरोपी कुलदीप जायसवाल को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जो न्यायिक अभिरक्षा में है।

## हर्दी तिवरियान में वित्तीय साक्षरता सामुदायिक प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

मऊगंज। वित्तीय साक्षरता सामुदायिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय हर्दी तिबरियान में आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि असिस्टेंट काउंसलर वित्तीय साक्षरता (आरोह फाउंडेशन )संतोष कुमार मिश्र वही कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत की सरपंच श्यामकली साकेत ने किया तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय की प्रधानाध्यापक सविता तिवारी, जनपद सदस्य संतोष पटेल, गांव के वरिष्ठ नागरिक अवध शरण तिवारी ,एवं सरपंच प्रतिनिधि बुद्ध सेन साकेत ,उपस्थित रहे सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री मिश्र ने गांव की उपस्थिति जनता का अभिवादन किया तत्पश्चात सरकार की योजनाओं की बिंदुवार जानकारी दें जैसे बैंक में खाता होना क्यों आवश्यक है ,खाते में नॉमिनी का होना क्यों आवश्यक है , खाते में मोबाइल नंबर दर्ज होना क्यों आवश्यक है इन सभी बातों को विस्तार से जनता को समझाया तथा सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन सुरक्षा अभियान जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा अटल पेंशन योजना सहित यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जहां पर गरीबी रेखा के अंतर्गत जीवन यापन करने वाले परिवारों को निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है जैसे ब्यूटी पार्लर ,सिलाई ,कढ़ाई, बुनाई इत्यादि, यहां पर निशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर इस प्रमाण पत्र के आधार पर बड़े सरलता के साथ बैंक से लोन लेकर आप स्वयं का व्यापार शुरू कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं और धीरे-धीरे बैंक का पैसा भी चुकता कर सकते हैं एजुकेशन लोन की भी व्यवस्था सरकार द्वारा की गई है जो बच्चे कक्षा 12 में 85% से अधिक अंक अर्जित कर टेक्निकल पढ़ाई पढ़ना चाहते हैं उन बच्चों के लिए बैंक से450000 एजुकेशन लोन दिया जाता है परंतु उस परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर हो पिता जी के पास नौकरी एवं जमीन ना हो ऐसे बच्चे ही इसका लाभ ले सकते हैं।

